**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

रिमझिम पाठ- 5. दोस्त की पोशाक

<u>तुम्हारे सवाल</u>

**कहानी के बारे में कई पाँच प्रश्न बनाकर नीचे दी जगह में लिखो| कॉपी में उनके उत्तर लिखो|**

**प्रश्न 1. नस्सिरुद्दीन किससे मिलकर बहुत खुश हुए?**

**उत्तर-** नसीरुद्दीन जमाल साहब से मिलकर बहुत खुश हुए|

**प्रश्न 2. नसीरुद्दीन ने हुसैन साहब से क्या कहा?**

**उत्तर-** नसीरुद्दीन ने हुसैन साहब से कहा कि जमाल साहब मेरे पुराने दोस्त है और इन्होने जो अचकन पहनी है वह इनकी अपनी ही है|

**प्रश्न 3. नसीरुद्दीन ने अपने पडोसी को जमाल साहब की पोशाक के बारे में क्या बताया?**

**उत्तर-** उन्होंने जो अचकन पहन रखी है, वह मेरी है|

**प्रश्न 4. जमाल साहब ने नसीरुद्दीन को क्या समझाया?**

**उत्तर-** जमाल साहब ने नसीरुद्दीन को समझाया कि पोशाक के बारे में न कहना ही अच्छा है|

**प्रश्न 5. जमाल साहब ने घूमने जाने से क्यों मना कर दिया?**

**उत्तर-** जमाल साहब की पोशाक मामूली सी थी, इसलिए उन्होंने घुमने जाने से मना कर दिया|

<u>तुम्हारी बात</u>

**नसीरुद्दीन और जमाल साहब बनठन कर घूमने के लिए निकले|**

**(क) तुम बनठन कर कहाँ-कहाँ जाते हो?**

**उत्तर-** मैं बनठन कर अपने दोस्तों के जन्मदिन की पार्टी में और अपने रिश्तेदारों के घर जाता हूँ|

**(ख) तुम किस-किस तरह से बनते-ठनते हो?**

**उत्तर-** मैं नहा-धोकर नए कपड़े पहनता हूँ| कंघी करता हूँ तथा पॉलिश किए जूते पहनता हूँ|

<u>तुम्हारी समझ से</u>

**(क) तीसरे मकान से बाहर निकलकर जमाल साहब ने नसीरुद्दीन से क्या कहा होगा?**

**उत्तर-** जमाल साहब ने कहा होगा कि मैंने अचकन के बारे में कुछ न कहने को कहा था, फिर तुमने उसका जिक्र ही क्यों किया|

**(ख) जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने क्यों नहीं जाना चाहते होंगे?**

**उत्तर-** जमाल साहब मामूली से कपड़ों में घूमते तो लोग कहते कि उनके पास अच्छे कपड़े नहीं है| इसलिए जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने नहीं जाना चाहते होंगे|

**(ग) नसीरुद्दीन अपनी अचकन के बारे में हमेशा क्यों बताते होंगे?**

**उत्तर-** नसीरुद्दीन एक मजाकिया इंसान थे| वे अपने दोस्त से मजाक करने के लिए अपनी अचकन के बारे में हमेशा बताते होंगे|

---

<u>गपशप</u>

**जब जमाल साहब और नसरुद्दीन हुसैन साहब के घर से बाहर निकले तो उन्होंने अपनी बेगम को नसरुद्दीन और जमाल साहब से मुलाकात का किस्सा सुनाया| उन दोनों के बीच में क्या बातचीत हुई होगी?**

**लिखकर बताओ**

**बेगम - कौन आया था?**

**हुसैन साहब - नसरुद्दीन अपने दोस्त के साथ आया था|**

**बेगम - ……….**

**उत्तर- बेगम किस दोस्त के साथ?**

**हुसैन साहब - जमाल नाम का कोई पुराना दोस्त था|**

**बेगम – (हँसती हुई) तब जरुर ही वह अचकन उसकी अपनी नहीं होगी|**

**हुसैन साहब – हाँ, हाँ! उसने तो नसरुद्दीन की ही अचकन पहन रखी थी**

---

<u>घूमना-फिरना</u>

**नसरुद्दीन ने कहा, "चलो दोस्त, मोहल्ले में घूम आएँ|"**

**जब नसरुद्दीन दिन अपने दोस्त से मिले, वे उसे अपना मोहल्ला दिखाने ले गए|**

**जब तुम अपने दोस्तों से मिलते हो, तब क्या क्या करते हो?**

**उत्तर-** मैं जब अपने दोस्तों से मिलता हूँ तब उनके साथ खाता-पीता हूँ| उन्हें साथ लेकर पार्क में घूमने जाता हूँ और उनके साथ खेलता हूँ|

---

<u>करके दिखाओ</u>

**नीचे कुछ वाक्य लिखे हैं| तुम्हें इनका अभिनय करना है| तुम चाहो तो कहानी में देख सकते हो कि इन कामों का जिक्र कहाँ आया है|**

**® बनठन कर घूमने के लिए निकलना|**

**® घड़ों पानी पड़ना|**

**® मुँह बनाकर शिकायत करना|**

**® गर्मजोशी से स्वागत करना|**

**® नाराज होना|**

---

® देखते ही रह जाना|

**उत्तर-** घर में इनके अभिनय का अभ्यास करो|

<u>**घड़ों पानी पड़ना**</u>

**नसरुद्दीन की बात सुनकर जमाल साहब पर तो मानो घड़ों पानी पड़ गया|**

**(क) घड़ो पानी पडना-एक मुहावरा है| इसका मतलब क्या हो सकता है? पता लगाओ| तुम इसका मतलब पता करने के लिए अपने साथियों या बड़ों से बातचीत कर सकते हो या शब्दकोश देख सकते हो|**

**उत्तर- घड़ो पानी पड़ना** - बहुत लज्जित होना|

**(ख) इस मुहावरे को सुनकर मन में एक चित्र सा बनता है| तुम भी किन्हीं दो मुहावरों के बारे में चित्र बनाओ| कुछ मुहावरे हम दे देते हैं| तुम चाहो तो इनमे से कोई पसंद कर सकते हो-**


**® सिर मुडाते ही ओले पड़ना**

**® ऊँट के मुँह में जीरा**

**® दिया तले अँधेरा**

**® ईद का चाँद नसरुद्दीन निकालकर लाए**

**उत्तर-**




<u>**कौन है कैसा**</u>

**नासिरिद्दीन एक भड़कीली अचकन निकालकर लाए|**

**भड़कीला शब्द बता रहा है कि अचकन कैसी थी| कहानी में से ऐसे ही और शब्द छाँटों जो किसी के बारे में कुछ बत्ताते हो| उन्हें छाँटकर नीचे दी गई दी गई जगह में लिखो|**

**देखे, कौन सबसे ज्यादा ऐसे शब्द ढूँढ़ पता है|**

**पुराना दोस्त ……. …….**

**……. ……. …….**

**……. ……. …….**

**भड़कीली, पुराना जैसे शब्द किसी के बारे में कुछ ख़ास या विशेष बात बता रहे हैं| इसलिए इन्हें विशेषण कहते हैं|**

**उत्तर-** मामूली सी पोशाक, खास दोस्त

कैसी अकल, अन्य पड़ोसी

अपनी अचकन , यह अचकन

---

**पास-पडोस**

**पडोस के घर में जाकर नसीरुद्दीन पड़ोसी से मिले|**

**तुम अपने पड़ोसी बच्चों के साथ बहुत-से खेल खेलते हो| पर क्या तुम उनके परिवार के बारे में जानते हो?**

**चलो, दोस्तों के बारे में और जानकारी इकट्ठा करते है| यदि तुम चाहो तो उनसे ये बातें पूछ सकते हो-**

**® घर में कुल कितने लोग हैं?**

**® उनके नाम क्या हैं?**

**® उनकी आयु क्या हैं?**

**® वे क्या काम करते हैं?**

**इसी सूची में तुम अपने मन से बहुत-से सवाल जोड़-सकते हो|**

**उत्तर-** अपने पड़ोसी बच्चों और उनके परिवार वालों से ये प्रश्न पूछकर जानकारी इकट्ठी करो|

---

**शब्दों का हेरफेर**

**झूठा-जूठा**

**इन शब्दों को बोलकर देखो| ये मिलती-जुलती आवाज वाले शब्द हैं| जरा से अंतर से भी शब्द का अर्थ बदल जाता है|**

**नीचे इसी तरह के कुछ शब्दों के जोड़ दिए गए हैं| इन सबके अर्थ अलग-अलग हैं| इन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो|**

**घड़ा - गढ़ा**

**घूम - झूम**

**राज - राज़**

**फन - फ़न**

**सजा - सज़ा**

**खोल - खौल**

**उत्तर- घड़ा** – कुम्हार घड़ा बनाता है|

**गढ़ा** - तुमने सुन्दर मूर्ति गढ़ी है|

**घूम** - बच्चे पार्क में घूम रहे थे|

**झूम** - पौधे हवा से झूम रहे हैं|

**राज** - पुराने समय में यहाँ मुगलों का राज था|

**राज़** - सबको तुम्हारे इस राज़ का पता चल गया है|

**फ़न** - तानसेन अपने फ़न में माहिर था|

**फन** - साँप ने अपना फन उठा लिया|

**सजा** - दिवाली के दिन सारा शहर सजा हुआ था|

**सज़ा** - चोर को सज़ा जरुर मिलेगी|

**खोल** - मम्मी ने दरवाज़ा खोल दिया|

**खौल** - उबला हुआ पानी खौल रहा था|